दिनांकः 05.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि ध्यान ही समग्र स्वास्थ्य की कुंजी है। आज नई दिल्ली में विश्व ध्यान सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ध्यान तनाव घटाने, एकाग्रता बढ़ाने और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने में सहायक है। ये जीवन के प्रति एक सहज और सम्यक दृष्टि भी पैदा करता है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि 2047 में विकसित भारत बनाने के लिए देश को अनुशासित प्रयासों की आवश्यकता है जो मन, शरीर और आत्मा के संतुलन से ही संभव है।

000

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ईरान सहित 40 से ज़्यादा देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है, और ईरानी कच्चा तेल खरीदने में भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है। श्री पुरी ने उन रिपोर्टों और सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण भारत के वाडिनार से ईरानी कच्चे तेल का एक जहाज़ चीन की ओर मोड़ दिया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री पुरी ने इन खबरों को गलत और भ्रामक बताया है।

000

दुनियाभर में आज ईस्टर मनाया जा रहा है। यह अवसर प्रार्थना, पश्चाताप और प्रभु यीशु मसीह के जीवन के अंतिम चरण को याद करने के पवित्र सप्ताह का प्रतीक है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रभु यीशु मसीह का पुनरुत्थान लोगों को सत्य, प्रेम, करुणा, त्याग और क्षमा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शुभकामना संदेश में ईस्टर को आशा और नवजीवन का उत्सव बताया। श्री मोदी ने कहा कि प्रभु यीशु की शिक्षाएं समाज में करूणा और एकता की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं।

000

जयपुर में द्रव्यवती नदी पर स्थित सांगानेर के गूलर बांध को पुनर्जीवित किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग ने इसके लिए ठोस पहल शुरू कर दी है। बांध के नवीनीकरण और पर्यटन विकास के लिए 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग की ओर से कानोता, नेवटा और चंदलाई बांधों के जीर्णोद्धार के लिए भी व्यापक कार्य योजना बनाकर काम किया जा रहा है। इससे सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी, साथ ही मॉनसून में जल प्रबंधन और शहरी जल निकासी की समस्याओं का भी स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।

000

प्रदेश में मौसम में आए बदलाव से अधिकतर स्थानों पर तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ गई है। जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर सहित कई शहरों में पारा सामान्य से नीचे दर्ज हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मौजूदा सिस्टम का असर आज कुछ कम रहेगा, जिससे बारिश की गतिविधियां घट सकती हैं। हालांकि कल से एक नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका असर 8 अप्रैल तक देखने को मिलेगा। इसके असर से 13 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने और कहीं–कहीं ओले गिरने के आसार हैं।

इस बीच, कल राज्य के कई हिस्सों में मौसम अचानक बदला और देर शाम तेज हवाओं के साथ कई जगह बारिश हुई। कहीं–कहीं ओले भी गिरे। उदयपुर के कोटड़ा में सबसे ज्यादा सवा इंच पानी बरसा।

000

खबरें खेल जगत से –

विश्व पैरा तीरंदाजी में, बैंकॉक में भारतीय तीरंदाज पायल नाग ने स्वर्ण पदक जीता है। ये उपलब्धि उन्होंने किशोर आयु वर्ग की महिला कंपाउंड स्पर्धा में शीतल देवी को हराकर हासिल की। इसके साथ ही भारत ने सात स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 16 पदक जीते हैं।

उधर, आईपीएल क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला दोपहर साढ़े 3 बजे शुरू से होगा। दूसरे मुकाबले में शाम साढ़े 7 बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स की टीमें आमने–सामने होंगी। वहीं कल राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटन्स को 6 रन से हरा दिया। दूसरे मुकाबले में डेल्ही कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से मात दी।

000

प्रदेश में कड़ी सुरक्षा के बीच आज और कल एसआई भर्ती परीक्षा–2025 का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से ली जा रही इस परीक्षा के लिए 1 हजार 174 केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा के लिए 7 लाख 70 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

000